**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, जनसंदेश टाइम्स, ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 28.09.2024

# अब रामनगर औद्योगिक क्षेत्र का कायाकल्प कराएगी योगी सरकार

## यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा विकास कार्य

जागरण संवाददाता, लखनऊ : उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने अब चंदौली के रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा के अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने में रामनगर औद्योगिक क्षेत्र के विकास की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। योजना के अनुसार, 53.04 करोड़ रुपए की लागत से इस कार्य को पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत व्यापक स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के उन्नयन की प्रक्रिया को पूरा करने की रूपरेखा तय की गई है।

**बेहतर कनेक्टिविटी के कारण स्ट्रेटेजिक लोकेशन बना रामनगर औद्योगिक क्षेत्र :** रामनगर औद्योगिक

**53.04 करोड़ रुपए की लागत से व्यापक स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर उन्नयन प्रक्रिया को किया जाएगा पूरा**

क्षेत्र को वर्ष 1978 में स्थापित व 2006-07 में विकसित किया गया था। यह औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से जुड़ा है और मुगलसराय रेलवे स्टेशन से लगभग 13 किमी की दूरी पर स्थित है। इसके अलावा, वाराणसी से इसकी दूरी करीब 30 किमी है, और राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर स्थित लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा, बाबतपुर, यहां से लगभग 51 किमी की दूरी पर है। यह क्षेत्र दोनों तरफ से राष्ट्रीय राजमार्ग-19 से जुड़ा हुआ है, और अपनी बेहतर कनेक्टिविटी के कारण आवागमन की दृष्टि से बहुत

> यूपीसीडा द्वारा रामनगर औद्योगिक क्षेत्र को माडर्न इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में विकसित करने से राज्य को भविष्य के नए औद्योगिक अवसर मिलेंगे। रामनगर जल्द ही औद्योगिक केंद्र बनेगा, जिससे चंदौली के आसपास के क्षेत्रों का विकास होगा। -मयूर माहेश्वरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूपीसीडा

सुगम है। यह औद्योगिक क्षेत्र करीब 515 एकड़ में फैला हुआ है, जिसमें 16.8 किमी का विकसित सड़क नेटवर्क और 15.8 किमी लंबा ड्रेनेज सिस्टम भी शामिल है। इन खूबियों के कारण रामनगर औद्योगिक क्षेत्र बेहतर कनेक्टिविटी युक्त स्ट्रैटेजिक लोकेशन के तौर पर अपनी पहचान को भविष्य के उभरते केंद्र के तौर पर विकसित कर रहा है।

दैनिक जागरण–दि0 28.09.2024

# एचएफएल क्षेत्र में सील काटेज में हो रहा था निर्माण, हुआ सील

जागरण संवाददाता, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रहे हैं लेकिन क्षेत्र में अवैध निर्माण बंद नहीं हो रहे हैं। कहीं विभागीय कर्मचारियों की संलिप्तता मिल रही है तो कहीं चोरी-छिपे लोग अवैध निर्माण कर रहे हैं। इसका खुलासा शुक्रवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा के औचक निरीक्षण में हुआ। नगवां वार्ड के गंगोत्री विहार कालोनी में लेन नंबर दो एचएफएल क्षेत्र में मीनू राय काटेज बना रहीं थी जो पहले सील होने के साथ लंका थाने में मुकदमा भी दर्ज है। नाराज सचिव ने मौके पर काटेज को सील करवाने के साथ जोनल अधिकारी और अवर अभियंता से जवाब-तलब किया।

डूब क्षेत्र में पांच बिस्वा में बन रहे मीनू राय के काटेज को वीडीए ने 20 जुलाई को सील कर दिया था। सील

**गंगोत्री विहार कालोनी में सील काटेज में निर्माण जारी रहने पर जोनल और जेई से मांगा जवाब**

तोड़कर निर्माण पर होने पर वीडीए ने 25 सितंबर को फिर सील करने के साथ मीनू राय के खिलाफ लंका थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया था। एचएफएल क्षेत्र में सील काटेज में निर्माण होने पर सचिव का पारा गर्म हो गया और मौके पर खड़े होकर सील करवाया। भेलूपुर वार्ड के चेतसिंह किला की मरम्मत की अनुमति देखने गए। उन्होंने मरम्मत की अनुमति की वजह जाननी चाही लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। नगवां वार्ड में चितईपुर में होटल निर्माण के लिए प्रभावति देवी, अखरी में कम्युनिटी सेंटर के लिए श्रीकृष्णा पटेल, अस्पताल के लिए रोयना सिंह, पेट्रोल पंप के लिए सियाराम मौर्या के दाखिल शमन मानचित्र को देखा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


दैनिक जागरण–दि0 28.09.2024

# बेसमेंट में चल रहा रेस्टोरेंट, दो अधिकारियों से जवाब तलब

## आइसीआइसीआइ बैंक की बिल्डिंग में लबे रोड चल रहा रेस्टोरेंट

जागरण संवाददाता, वाराणसी : सिगरा तिराहे से नगर निगम जाने वाले मार्ग पर आइसीआइसीआइ बैंक की बिल्डिंग के बेसमेंट में रेस्टोरेंट संचालित होने पर जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति और अवर अभियंता रविंद्र प्रकाश को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आरोप है कि शहर में बेसमेंट सर्वे के दौरान चिह्नित 267 निर्माणों में उन्होंने बेसमेंट और उसमें संचालित रेस्टोरेंट की चर्चा नहीं की। उन्होंने जानबूझकर बेसमेंट को शामिल नहीं किया या उन्होंने सही ढंग से अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया। यह जांच का विषय है। ऐसे में न जाने कितने बेसमेंट में कारोबार हो रहे होंगे। इतना ही नहीं, 12 सितंबर को स्वयं वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने निरीक्षण कर तत्काल रेस्टोरेंट बंद कराने का निर्देश दिया था, लेकिन रेस्टोरेंट पूर्ववत संचालित है।




सिगरा तिराहे पर आइसीआइसीआइ बैंक की बिल्डिंग के बेसमेंट में चल रहा रेस्टोरेंट

- शहर में बेसमेंट सर्वे के दौरान चिह्नित 267 निर्माणों में नहीं किया शामिल, हुआ खेल
- 12 सितंबर को वीडीए सचिव ने निरीक्षण कर बंद कराने को कहा था, बना है एक मंजिल अतिरिक्त

सिगरा तिराहे से नगर निगम जाने वाले मार्ग पर अमित कुमार गुप्ता ने वाराणसी विकास प्राधिकरण से बेसमेंट के अलावा तीन मंजिल का नक्शा पास कराया है। मौके पर बेसमेंट के अलावा एक मंजिल अतिरिक्त निर्माण मिला। वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सभी जोनल अधिकारियों और अवर अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि बेसमेंट में कारोबार करने वालों की सूची बनाने के साथ उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें, लेकिन जोन तीन दशाश्वमेध वार्ड के जोनल अधिकारी और अवर अभियंता ने सूची बनाने में खेल किया। लबे रोड बेसमेंट में रेस्टोरेंट संचालित होने के बाद भी सूची में उसे शामिल न करना कई सवाल खड़े करता है।

## अमर उजाला–दि0 28.09.2024

# रामनगर किले से चौराहे तक बनेगा डिवाइडर, रखा प्रस्ताव

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पाथवे, वेंडिंग जोन, ग्रीनरी, सांस्कृतिक स्थल का होगा निर्माण**

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** वीडीए की अवस्थापना निधि से रामनगर इलाके का कायाकल्प किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां पाथवे, वेंडिंग जोन, ग्रीनरी और सांस्कृतिक स्थल का निर्माण कराया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में रामनगर के सुंदरीकरण पर चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि रामनगर किले के सामने गंगा पुल और मार्ग को सुंदर बनाया जाएगा। बैठक में ईवाई संस्था (इन्स्र्ट एंड यंग) की ओर से परियोजना की वस्तुस्थिति का प्रस्तुतिकरण किया गया। इसमें रामनगर किले के सामने गंगा ब्रिज के साथ-साथ मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ डिवाइडर बनाए जाने का भी प्रस्ताव है। इससे ट्रैफिक को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, वेडिंग जोन और पाथवे (पैदल मार्ग) तैयार करने का प्रस्ताव भी पेश किया गया। जिससे आगंतुकों और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा हरियाली के लिए पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक निर्माण भी कराए जाएंगे। इसके अलावा, वेडिंग जोन की योजना को भी बड़े महत्व के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के लिए एक सांस्कृतिक स्थल बनेगा बल्कि पर्यटकों के लिए एक आकर्षक केंद्र भी होगा।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 28.09.2024

# सील तोड़कर निर्माण कराने पर मुकदमा दर्ज

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने शुक्रवार को जोन चार के कार्यालय और क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गंगोत्री विहार कॉलोनी में चल रहे निर्माण कार्यों को देखा।

यहां मीनू राय के अवैध निर्माण को वीडीए ने पूर्व में सील किया था। सील तोड़कर निर्माण कराने पर लंका थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही निर्माण स्थल को दोबारा सील किया गया। इसके अलावा उन्होंने चेत सिंह किला के मरम्मत कार्य को देखा। उधर दशाश्वमेध वार्ड के कल्लीपुर में बगैर नक्शा पास कराए अंबरीष सिंह की ओर से अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। पूर्व में नोटिस दिया गया था। प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। ब्यूरो

### बकाया शुल्क जमा न करने वालों पर करें कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी शमन मानचित्रों का निस्तारण शीघ्र कराएं। स्वीकृत शमन के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं पर कार्रवाई करें। जिम्मेदारी जोनल अधिकारियों को सौंपी। ब्यूरो

### जांच कर होगी कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए की अवस्थापना निधि से हो रहे निर्माण कार्यों की जांच अधीक्षण अभियंता करेंगे। साथ ही संबंधित ठेकेदारों पर कार्रवाई करेंगे। यह आदेश वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने दिया। वीडीए में अवस्थापना निधि से कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। ब्यूरो

### वीडीए ने ट्रैफिक को दिया जेसीबी लिफ्टर टो वैन

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को अवस्थापना निधि से जेसीबी लिफ्टर टो वैन डीसीपी ट्रैफिक ह्देश कुमार को सौंपा। अब सड़कों पर खड़े वाहनों को उठाकर ले जाने और उनके खिलाफ कार्रवाई में आसानी होगी। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि 75 हार्स पावर की जेसीबी लिफ्टर टो वैन की एक वर्ष तक निशुल्क मरम्मत होगी। इसकी लिफ्टिंग क्षमता 4 टन और 54 लाख रुपये में खरीदी गई है। इसके जरिये यातायात में बाधा बनने वाले वाहनों को उठाकर कार्रवाई की जाएगी। शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए वीडीए की ओर से यह वैन दी गई है। अक्सर लोग सड़कों पर वाहनों को छोड़कर चले जाते हैं। इससे जाम लग जाता है। ब्यूरो

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 28.09.2024

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव ने जोन कार्यालयों का किया स्थलीय निरीक्षण

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन–4 के जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उक्त के अतिरिक्त निम्न स्थलों पर निरीक्षण कर उचित दिशानिर्देश दिए। वार्ड–भेलूपुर के अंतर्गत चेत सिंह किला के मरम्मत हेतु प्राप्त पत्रावली के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण किया गया। वार्ड–नगवां के अंतर्गत चितईपुर में होटल निर्माण हेतु श्रीमती प्रभावती देवी द्वारा प्रस्तुत समन मानचित्र के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण किया तथावार्ड–नगवां के अंतर्गत मौजा–अखरी में कम्युनिटी सेंटर हेतु श्री कृष्णा पटेल द्वारा प्रस्तुत समन मानचित्र, श्रीमती रोयना सिंह द्वारा प्रस्तुत अस्पताल के समन मानचित्र, सियाराम मौर्य द्वारा प्रस्तुत पेट्रोल पंप के समान मानचित्र के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण किया गया। वही वार्ड–नगवां के अंतर्गत मीनू राय पत्नी हरिकांत राय द्वारा गंगोत्री विहार लेन नंबर दो में पांच बिस्वा में स्टील स्ट्रक्चर पर किये गये अस्थायी निर्माण को पूर्व में 25/07/2024 को सील किया गया था परन्तु वर्तमान में चोरी छिपे निर्माण कराए जाने पर आज सचिव महोदय द्वारा मौके पर पुनः सील कर थाना लंका में एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी अवर अभियन्ता आर के सिंह उपस्थित रहे।




## परफेक्ट मिशन–दि0 28.09.2024

### वीडीए सचिव ने नगवा वार्ड में किया स्थलीय निरीक्षण



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा शुक्रवार को जोन-4 के जोन कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उक्त के अतिरिक्त जिन स्थलों पर निरीक्षण किया गया, जिसमें वार्ड–भेलूपुर के अंतर्गत चेत सिंह किला के मरम्मत हेतु प्राप्त पत्रावली के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण किया गया।

वार्ड-नगवां के अंतर्गत चितईपुर में होटल निर्माण हेतु प्रभावती देवी द्वारा प्रस्तुत समन मानचित्र के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण किया गया। वार्ड-नगवां के अंतर्गत मौजा–अखरी में कम्युनिटी सेंटर हेतु कृष्णा पटेल द्वारा प्रस्तुत समन मानचित्र, रोयना सिंह द्वारा प्रस्तुत अस्पताल के समन मानचित्र, सियाराम मौर्य द्वारा प्रस्तुत पेट्रोल पंप के समान मानचित्र के सम्बन्ध में स्थल निरीक्षण किया गया। वार्ड-नगवां के अंतर्गत मीनू राय पत्नी हरिकांत राय द्वारा गंगोत्री विहार लेन नंबर दो में पांच बिस्वा में स्टील स्ट्रक्चर पर किये गये अस्थायी निर्माण को पूर्व में 25/07/2024 को सील किया गया था परन्तु वर्तमान में चोरी छिपे निर्माण कराए जाने पर आज दिनांक 27/09/2024 को सचिव द्वारा मौके पर पुनः सील कर थाना लंका में एफ0आई0आर0 दर्ज करायी गयी। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी के साथ अवर अभियन्ता आर के सिंह उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.09.2024

## वीडीए सचिव ने जोन चार के कार्यालय सहित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने शुक्रवार को विकास प्राधिकरण जोन-4 के कार्यालय का निरीक्षण किया। उक्त के अतिरिक्त वार्ड-भेलूपुर के अंतर्गत चेतसिंह किला के मरम्मत के लिए प्राप्त पत्रावली के संबंध में स्थल निरीक्षण किया। वार्ड-नगवां के अंतर्गत चितईपुर में होटल निर्माण के लिए प्रभावती देवी की तरफ से प्रस्तुत शमन मानचित्र के संबंध में स्थल निरीक्षण किया गया। वार्ड-नगवां के अंतर्गत मौजा-अखरी में कम्युनिटी सेंटर के लिए कृष्णा पटेल की तरफ से प्रस्तुत शमन मानचित्र, रोयना सिंह की तरफ से प्रस्तुत अस्पताल के शमन मानचित्र, सियाराम मौर्य की तरफ से प्रस्तुत पेट्रोल पंप के लिए शमन मानचित्र के संबंध में स्थल निरीक्षण किया गया। वार्ड-नगवां के अंतर्गत मीनू राय पत्नी हरिकांत राय की तरफ से गंगोत्री विहार लेन नंबर दो में पांच बिस्वा में स्टील स्ट्रक्चर पर किये गये अस्थायी निर्माण को पूर्व में 25 जुलाई 2024 को सील किया गया था लेकिन वर्तमान में चोरी छिपे निर्माण कराए जाने पर शुक्रवार को सचिव ने मौके पर पुनः सील कर थाना लंका में एफआईआर दर्ज करायी। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी अवर अभियंता आरके सिंह उपस्थित रहे।

**सील किये गये निर्माण कार्य के बाद भी काम जारी रहने पर एक के खिलाफ करायी एफआईआर**

## वीडीए ने जेसीबी लगवाकर मुक्त कराया अवैध प्लाटिंग

**मिर्जामुराद/वाराणसी।** कल्लीपुर गांव में अवनीश सिंह की तरफ से अवैध रूप से किए गए 1.5 बीघा प्लाटिंग पर शुक्रवार की दोपहर में वीडीए टीम का बुलडोजर चला। और जमीन को अवैध प्लाटिंग से मुक्त कराया गया। वीडीए की टीम ने मिर्जामुराद पुलिस के सहयोग से खजुरी हाईवे से 100 मीटर अंदर कल्लीपुर मार्ग पर अवैध रूप से किए प्लाटिंग पर जेसीबी लगवाकर 5-5 फीट के बने दीवार को गिरा दिया। वीडीए टीम ने बताया कि कई दिनों से शिकायत मिल रहा था कि मिर्जामुराद क्षेत्र के कल्लीपुर गांव में अवैध रूप से प्लाटिंग किया जा रहा है। टीम ने जांच किया तो प्लाटिंग अवैध पाया गया जिसके बाद पुलिस टीम के साथ अवैध प्लाटिंग मुक्त कराया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.09.2024

# रामनगर किले के सामने गंगा ब्रिज व मार्ग सौंदर्यीकरण पर मंथन

**वीडीए उपाध्यक्ष ने बैठक कर दिये दिशा-निर्देश**

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण सभागार में रामनगर किले के सामने गंगा ब्रिज और रामनगर किले के मार्ग के सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण और वेंडिंग जोन आदि के निर्माण से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ईवाई संस्था (इरन्स्ट एंड यंग) द्वारा परियोजना की स्थलीय स्थिति का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण में रामनगर किले के सामने स्थित गंगा ब्रिज के साथ-साथ मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव रखा गया। इस परियोजना के तहत मार्ग के साथ डिवाइडर बनाए जाने का भी प्रस्ताव है, जिससे ट्रैफिक को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, वेंडिंग जोन और पाथवे (पैदल मार्ग) तैयार करने का प्रस्ताव भी पेश किया गया, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

उपाध्यक्ष ने एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि वे राजस्व अभिलेखों की समीक्षा कर मार्ग की चौड़ाई और स्वामित्व से संबंधित सभी जानकारी जल्द उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान गंगा ब्रिज और किले के मार्ग के सौंदर्यीकरण से जुड़ी अन्य पहलुओं पर भी चर्चा की गई। प्रस्तावित सौंदर्यीकरण योजना में हरियाली के साथ-साथ पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक निर्माण शामिल है। इसके अलावा, वेंडिंग जोन की योजना को भी बड़े महत्व के रूप में देखा जा रहा है। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ-साथ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, निधि वाजपेयी और डूडा से जुड़ी टीम के सदस्यों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.09.2024

# ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई: वीडीए उपाध्यक्ष



**अवस्थापना निधि से हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक**

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्राधिकरण की अवस्थापना निधि से कराए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और विधानसभा वार परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने पर उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने समीक्षा के दौरान सभी निर्माण कार्यों की स्थिति पर गंभीर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूरे किए जाएं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि समयसीमा का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है या जो अब तक पूर्ण नहीं हो पाई हैं, उन पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर की और संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को इन कार्यों में देरी के कारणों की जांच कर तत्काल कदम उठाने का आदेश दिया।

**निविदा प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निर्देश :** वीडीए उपाध्यक्ष ने बैठक में उन परियोजनाओं की भी समीक्षा की जिनके लिए निविदाएं आमंत्रित की जा चुकी हैं। उपाध्यक्ष श्री गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निविदा प्रक्रिया से संबंधित सभी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी की जाएं और कार्यस्थल पर काम जल्द शुरू कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की देरी से बचने के लिए निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। यह भी निर्देश दिया कि अवस्थापना निधि से चल रहे सभी निर्माण स्थलों पर जनसूचना बोर्ड लगाए जाएं, ताकि जनता को परियोजनाओं की जानकारी मिल सके और कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। यह बोर्ड परियोजना की जानकारी, लागत, ठेकेदार की जानकारी और अनुमानित पूर्णता तिथि सहित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदर्शित करेंगे। बैठक में विकास प्राधिकरण के सचिव वेद प्रकाश मिश्रा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, शिवाजी मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## वीडीए उपाध्यक्ष ने यातायात विभाग को दी जेसीबी लिफ्टर दो वैन



**वाराणसी।** शहर में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के चलते आये दिन जाम लगता है। इससे निजात दिलाने के लिए और समस्या को काफी हद तक कम करने के लिए विकास प्राधिकरण की तरफ से पहल की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को अवस्थापना मद से 75 एचपी की जेसीबी लिफ्टर दो वैन डीसीपी ट्रैफिक हृदेश कुमार को हस्तांतरित की। जेसीबी लिफ्टर दो वैन के माध्यम से यातायात में बाधित अथवा नो पार्किंग जोन में पार्क वाहनों को लिफ्ट करके पार्किंग के लिए चिन्हित स्थलों पर ले जाया जायेगा तथा निर्धारित जुर्माना भी वसूला जायेगा। माना जा रहा है कि इससे यातायात विभाग को काफी मदद मिलेगी जिससे की जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकेगा।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.09.2024

### बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई के आदेश

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने शुक्रवार को जोन-2 की समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान लंबित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए जल्द मानचित्र निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया। जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर एवं जैतपुरा में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रु. 20 लाख 86 हजार 477 जमा कराया गया है, लेकिन अभी भी कुल बकायेदारों के सापेक्ष कुल रु. 4 करोड़ 75 लाख 11 हजार 581 है, जिसे विलंबतम 15 दिवस में जमा कराने के लिए फील्ड स्टॉफ एवं अवर अभियंता को निर्देश दिया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने के भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जांच एवं बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलंबतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का प्राथमिकता पर शिकायत सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिह्नांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया गया है। उक्त समीक्षा बैठक में संयुक्त सचिव, परमानंद यादव, जोनल अधिकारी, संजीव कुमार एवं अवर अभियंता, जेपी गुप्ता सहित भवन लिपिक एवं फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 28.09.2024

### लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 27 सितम्बर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-2 के वार्ड सारनाथ, आदमपुर एवं जैतपुर में विगत एक सप्ताह में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-20,86,477.00 जमा कराया गया है, परन्तु अभी भी कुल बकायेदारों के सापेक्ष कुल रू0 4,75,11,581.00 है, जिसे विलम्बतम 15 दिवस में जमा कराने हेतु फील्ड स्टॉफ एवं अवर अभियन्ता को निर्देश दिया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने के भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का प्राथमिकता पर शिकायत सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही / ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त समीक्षा बैठक में संयुक्त सचिव, परमानन्द यादव, जोनल अधिकारी, संजीव कुमार एवं अवर अभियन्ता, जे0पी0 गुप्ता सहित भवन लिपिक एवं फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 28.09.2024

### अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-3, की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड- दशाश्वमेध, मौजा-कल्लीपुर के अन्तर्गत बिना ले-आउट स्वीकृत कराये अम्रीश सिंह द्वारा लगभग 1.5 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी जिसके उपरांत 15/09/2024 को नोटिस की कार्यवाही की गयी थी परन्तु पक्ष द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत न किये जाने पर उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लॉटिंग को आज दिनांक 27/09/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया ।मौके पर, जोनल अधिकारी श्री सौरव देव प्रजापति अवर अभियन्ता श्री रविन्द्र प्रकाश एवं प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे ।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 28.09.2024

### डी0सी0पी0 ट्रैफिक को सौंपा गया जे0सी0बी0 लिफ्टर टो वैन

वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण की अवस्थापना मद से 75 एच पी की जे0सी0बी0 लिफ्टर टो वैन ( एक वर्ष निःशुल्क मरम्मत ) जिसकी लिफ्टिंग कैपेसिटी 4 टन तथा कुल लागत 54 लाख है को उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा 27 सितम्बर को डी0सी0पी0 ट्रैफिक श्री ह्रदेश कुमार को हस्तांतरित किया गया। जे0सी0बी0 लिफ्टर टो वैन के माध्यम से यातायात में बाधित अथवा नो पार्किंग जोन में पार्क



वाहनों को लिफ्ट करके पार्किंग हेतु चिन्हित स्थलों पर ले जाया जायेगा तथा निर्धारित जुर्माना भी वसूला जायेगा ।